तरीखहुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 128/2022 तहसीलदार बाडमेर बनाम उगमसिंह वगैराह**	नम्बर । तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए

आदेश

06.07.2022 पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थीगण के नोटिस तामिल श्रेणी में प्राप्त हुए है। आज बावजूद सूचना अप्रार्थीगण अनुपस्थित होने से उनके विरूद्ध ईकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। पैरोकार सरकार द्वारा आवेदन में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्राम परा में स्थाई रास्ता जो डामर सड़क से आयलों की ढाणी तक जा रहा है, जिस पर ग्रेवल सड़क बनी हुई है, जो संलग्न नक्शे में बरंग लाल दर्शायी गयी है। लिहाजा राजस्व रेकर्ड में सम्बन्धित पक्षकारान के खाते में गै.मु. रास्ता के रूप में अंकन करावें।

सरपंच ग्राम पंचायत जसाई, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जसाई, पटवारी, पटवारी हल्का जसाई द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अंकित किया कि प्रस्तावित रास्ता 40 वर्ष से अधिक कदीमी रास्ता है, जिस पर ग्रामीणों का आना–जाना होता है तथा वर्ष 2012 में ग्रेवल सड़क का निर्माण काश्तकारों की सहमति से नरेगा योजनान्तर्गत किया गया है तथा समझौता पत्रक भी प्रस्तुत किये।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का भी अवलोकन किया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्रेवल सड़क बनी हुई है, जिस पर आवागमन चालू है, परन्तु राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है, जिसे राजस्व अभिलेख में सम्बन्धित के खाते में दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बाडमेर मौजा परा पटवार क्षेत्र जसाई तहसील व जिला बाडमेर की निम्नानुसार भूमि स्थाई रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से दर्शाई गई है को सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ता नियामनुसार दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावे

उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर

क्र. सं.	नाम खातेदार	ख.नं.	कुल रकबा (बीघा में)	रास्ते की लम्बाई–चौड़ाई (फीट में)	रास्ते में प्रभावित रकबा (हैक्टर में)
1	2	3	4	5	6
1	उमसिंह खेतसिंह पिसरान जबरसिंह कसुब कंवर पत्नी जबरसिंह गोकलसिंह हरिसह पिसरान परबतसिंह जयसिंह राणसिंह हुक्मसिंह पिसरान देवीसिंह रामधाकंवर पत्नी देवीसिंह नीम्बसिंह बाबूसिंह भूरसिंह मूलसिंह सवाईसिंह पिसरान हेमसिंह जाति राजपूत सा. देह खातेदार	164	119.19 (19.416 HQ.)	1650 X 19.8 फीट	01.17 (0.2995 HQ)
2	बांका शंकरा सवाई पिसरान पूनमा जाति सुथार सा. देह खातेदार	449/170	47.04 (7.6405 HQ)	1254 X 19.8 फीट	01.00 (0.2307 HQ)

नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर,